# उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से करें : सहगल



**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल ने स्थानीय स्तर पर उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। जिला उद्योग बंधु समिति की बैठकों में संबंधित जिले के सभी औद्योगिक और व्यापारिक संगठनों का व्यापक प्रतिनिधित्व अवश्य कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक प्रकरणों का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण हो सके।

सहगल ने बताया कि उद्यमियों और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला व मंडल स्तर पर उद्योग बंधु समिति का गठन किया गया है। कुछ जिलों में इस समिति की नियमित बैठकें नहीं हो रही हैं। ऐसी स्थिति में उद्यमी अपनी समस्याओं के लिए सीधे शासन से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे उद्योग बंधु समिति की बैठकों का नियमित आयोजन कराएं। उद्यमियों की अधिकतर समस्याओं का समाधान जिलास्तर पर भी संभव है। जिलास्तर पर संभव नहीं हो पाने की दशा में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। ब्यूरो